**"स्वालंबन की एक झलक पर, न्यौछावर कुबेर का कोष"- सुश्री उषा ठाकुर**

महू, भेरूलाल पाटीदार शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय महू एवं सुशीला देवी बंसल महाविद्यालय महू के संयुक्त तत्वाधान में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ द्वारा दिनांक 10 जनवरी 24 को प्रातः 10:00 बजे से वृहद रोजगार मेले का आयोजन संपन्न किया गया रोजगार मेले का उद्घाटन मां सरस्वती के माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ माननीय मुख्य अतिथि विधायक सुश्री उषा ठाकुर जी, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ प्रवीण ओझा, जनभागीदारी समिति अध्यक्ष एडवोकेट निलेश जी पाटीदार, विधायक प्रतिनिधि श्री महेश यादव, जनपद अध्यक्ष श्री सरदार मालवीय] एस डी बंसल महाविद्यालय के एच आर पी. एस.चौहान, इंदौर जिला नोडल अधिकारी डॉ मनीषा शर्मा पांडे द्वारा किया गया। माननीय मुख्य अतिथि विधायक सुश्री उषा ठाकुर जी द्वारा विधायक विद्यार्थियों को प्लेसमेंट के लिए अधिक से अधिक संख्या में भागीदारी लेने के लिए प्रेरित किया, आपने कहा "स्वालंबन की एक झलक पर न्यौछावर कुबेर का कोष"। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ प्रवीण ओझा तथा जन भागीदारी समिति अध्यक्ष एडवोकेट निलेश जी पाटीदार ने बताया कि उक्त रोजगार मेले में 22 प्रतिष्ठित कंपनियां शामिल हुई, जिसमें मुख्य रूप से आई सीआई सीआई बैंक, एक्सिस बैंक, पेटीएम, नॉलेज पार्क,एल एन टी, वेक्टर फाइनेंस ,नॉलेज पार्क, हाथवे जैसी प्रतिष्ठित कंपनियों रोजगार मेले में शामिल हुई। सभी कंपनियों में लगभग 500 से ज्यादा वैकेंसी है, जिसमें महू पीथमपुर, राऊ क्षेत्र के लगभग 10 से ज्यादा महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं शामिल हुए एस डी बंसल कॉलेज के एच आर श्री पी एस चौहान ने बताया कि इस प्रकार के रोजगार मेलों से शिक्षा का वास्तविक अर्थ साकार होता है। अतः महू तहसील के अधिक से अधिक छात्र-छात्राएं इस रोजगार मेले का लाभ उठाएं महाविद्यालय में विधायक प्रतिनिधि श्री महेश जी यादव ने कहा इस प्रकार के रोजगार मेले लगाने से क्षेत्र में बेरोजगारी की समस्या समाप्त होगी। बंसल कॉलेज महू के प्लेसमेंट सेल प्रभारी प्रो ए एस कितूर के द्वारा बताया गया कि यह रोजगार मेले का आयोजन हमारा सामाजिक जवाबदारी के तहत किया जा रहा प्रयास है। रोजगार मेला सहसंयोजक डॉ मंजुला निगवाल ने कहा कि इस मेले का मुख्य उद्देश्य एक ही स्थान पर बेरोजगार अभ्यर्थियों और नियोजकों को आमंत्रित करना है ताकि उन्हें इस आयोजन से रोजगार उपलब्ध कराए जा सके। रोजगार मेले के मुख्य समन्वयक समिति सदस्यों डॉ कुसुम राय,  मेजर डॉ संजय सोहनी, कैप्टन डॉ कृष्णा भूरिया, डॉ स्नेहलता सिंह, डॉ अजय कुमार राजपूत द्वारा 1000 विद्यार्थियों के पंजीयन की जानकारी उपलब्ध कराई गई। उक्त रोजगार मेले के उद्घाटन सत्र का संचालन स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के प्रभारी डॉक्टर शैलेंद्र पिपरिया द्वारा किया गया, तथा आभार डॉ कुसुम राय द्वारा रोजगार मेले में वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ रोशन बेंजामिन, डॉ रेखा वर्मा, डॉ अर्चना अग्रवाल, डॉ रशीदा कांचवाला सहित महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापकों की समितियां, अतिथि विद्वान, जनभागीदारी विद्वान, तृतीय, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। साथ ही डॉ मेजर संजय सोहनी और टेक्नीशियन डॉक्टर पवन पाटीदार, श्री अमर चौहान का सराहनीय योगदान रहा। उक्त मेले में 225 विद्यार्थियों का सिलेक्शन हुआ। जो कुल संख्या का 75 प्रतिशत हैं सभी चयनित विद्यार्थियों को महाविद्यालय प्राचार्य के द्वारा बधाई दी गई है।






भेरुलाल पाटीदार




WE ARE HIRING!
WE ARE HIRING!



# स्वालंबन की एक झलक पर, न्यौछावर कुबेर का कोष : सुश्री उषा ठाकुर





विनय उजाला

**महू, निप्र।** भेरूलाल पाटीदार शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय महू एवं सुशीला देवी बंसल महाविद्यालय महू के संयुक्त तत्वाधान में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ द्वारा दिनांक 10 जनवरी 24 को प्रात: 10ः00 बजे से वृहद रोजगार मेले का आयोजन संपन्न किया गया रोजगार मेले का उद्घाटन मां सरस्वती के माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ माननीय मुख्य अतिथि विधायक सुश्री उषा ठाकुर जी, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ प्रवीण ओझा, जनभागीदारी समिति अध्यक्ष एडवोकेट निलेश जी पाटीदार, विधायक प्रतिनिधि श्री महेश यादव, जनपद अध्यक्ष श्री सरदार मालवीय] एस डी बंसल महाविद्यालय के एच आर पी. एस.चौहान, इंदौर जिला नोडल अधिकारी डॉ मनीषा शर्मा पांडे द्वारा किया गया। माननीय मुख्य अतिथि विधायक सुश्री उषा ठाकुर जी द्वारा विधायक विद्यार्थियों को प्लेसमेंट के लिए अधिक से अधिक संख्या में भागीदारी लेने के लिए प्रेरित किया, आपने कहा स्वालंबन की एक झलक पर न्यौछावर कुबेर का कोष। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ प्रवीण ओझा तथा जन भागीदारी समिति अध्यक्ष एडवोकेट निलेश जी पाटीदार ने बताया कि उक्त रोजगार मेले में 22 प्रतिष्ठित कंपनियां शामिल हुई, जिसमें मुख्य रूप से आई सीआई सीआई बैंक, एक्सिस बैंक, पेटीएम, नॉलेज पार्क,एल एन टी, वेक्टर फाइनेंस ,नॉलेज पार्क, हाथवे जैसी प्रतिष्ठित कंपनियों रोजगार मेले में शामिल हुई। सभी कंपनियों में लगभग 500 से ज्यादा वैकेंसी है, जिसमें महू पीथमपुर, राऊ क्षेत्र के लगभग 10 से ज्यादा महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं शामिल हुए एस डी बंसल कॉलेज के एच आर श्री पी एस चौहान ने बताया कि इस प्रकार के रोजगार मेलों से शिक्षा का वास्तविक अर्थ साकार होता है। अत: महू तहसील के अधिक से अधिक छात्र-छात्राएं इस रोजगार मेले का लाभ उठाएं महाविद्यालय में विधायक प्रतिनिधि श्री महेश जी यादव ने कहा इस प्रकार के रोजगार मेले लगाने से क्षेत्र में बेरोजगारी की समस्या समाप्त होगी। बंसल कॉलेज महू के प्लेसमेंट सेल प्रभारी प्रो ए एस कितूर के द्वारा बताया गया कि यह रोजगार मेले का आयोजन हमारा सामाजिक जवाबदारी के तहत किया जा रहा प्रयास है। रोजगार मेला सहसंयोजक डॉ मंजुला निगवाल ने कहा कि इस मेले का मुख्य उद्देश्य एक ही स्थान पर बेरोजगार अभ्यर्थियों और नियोजकों को आमंत्रित करना है ताकि उन्हें इस आयोजन से रोजगार उपलब्ध कराए जा सके। रोजगार मेले के मुख्य समन्वयक समिति सदस्यों डॉ कुसुम राय, मेजर डॉ संजय सोहनी, कैप्टन डॉ कृष्णा भूरिया, डॉ स्नेहलता सिंह, डॉ अजय कुमार राजपूत द्वारा 1000 विद्यार्थियों के पंजीयन की जानकारी उपलब्ध कराई गई। उक्त रोजगार मेले के उद्घाटन सत्र का संचालन स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के प्रभारी डॉक्टर शैलेंद्र पिपरिया द्वारा किया गया, तथा आभार डॉ कुसुम राय द्वारा रोजगार मेले में वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ रोशन बेंजामिन, डॉ रेखा वर्मा, डॉ अर्चना अग्रवाल, डॉ रशीदा कांचवाला सहित महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापकों की समितियां, अतिथि विद्वान, जनभागीदारी विद्वान, तृतीय, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। साथ ही डॉ मेजर संजय सोहनी और टेक्नीशियन डॉक्टर पवन पाटीदार, श्री अमर चौहान का सराहनीय योगदान रहा। उक्त मेले में 225 विद्यार्थियों का सिलेक्शन हुआ। जो कुल संख्या का 75 प्रतिशत हैं सभी चयनित विद्यार्थियों को महाविद्यालय प्राचार्य के द्वारा बधाई दी गई है।

महू भास्कर 11-01-2024

आगे भी सतत जारी रहेगा।

# एक हजार बच्चों ने कराया पंजीयन, 225 चयनित

## रोजगार मेला : भेरूलाल पाटीदार शासकीय स्नाकोत्तर महाविद्यालय में लगा, 22 कंपनियां हुई थीं शामिल

भास्कर संवाददाता | महू

भेरूलाल पाटीदार शासकीय स्नाकोत्तर महाविद्यालय में बुधवार को एक दिवसीय रोजगार मेला आयोजित किया गया। इसमें 22 कंपनियों ने हिस्सा लिया। वहीं मेले में 10 महाविद्यालय से करीब एक हजार बच्चों ने पंजीयन करवाया। जिसमें 225 बच्चे चयनित हुए।



महू. शासकीय महाविद्यालय में रोजगार मेला संपन्न हुआ।

तहसील के भेरूलाल पाटीदार शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय व सुशीला देवी बंसल महाविद्यालय महू के संयुक्त तत्वाधान में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ द्वारा वृहद रोजगार मेला आयोजित किया। मेले की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन कर विधायक उषा ठाकुर, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रवीण ओझा, जनभागीदारी समिति अध्यक्ष एडवोकेट निलेश पाटीदार, विधायक प्रतिनिधि महेश यादव, जनपद अध्यक्ष सरदार मालवीय, एसडी बंसल महाविद्यालय के निदेशक पीएस चौहान, इंदौर जिला नोडल अधिकारी डॉ. मनीषा शर्मा पांडे आदि ने की। विधायक ठाकुर द्वारा विधायक विद्यार्थियों को प्लेसमेंट के लिए अधिक से अधिक संख्या में भागीदारी लेने के लिए प्रेरित किया। ठाकुर ने कहा कि स्वालंबन की एक झलक पर न्यौछावर कुबेर का कोष। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. ओझा व जनभागीदारी समिति अध्यक्ष पाटीदार ने बताया कि रोजगार मेले में 22 प्रतिष्ठित कंपनियां शामिल हुई। जिसमें मुख्य रूप से आईसीआईसीआई बैंक, एक्सिस बैंक, पेटीएम, नॉलेज पार्क, एलएनटी, वेक्टर फाइनेंस, नॉलेज पार्क, हाथवे शामिल थी। सभी कंपनियों में लगभग 500 से ज्यादा वैकेंसी है। जिसमें महू, पीथमपुर, राऊ क्षेत्र के लगभग 10 से ज्यादा महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं शामिल हुए। रोजगार मेला सहसंयोजक डॉ. मंजुला निगवाल ने कहा कि इस मेले का मुख्य उद्देश्य एक ही स्थान पर बेरोजगार अभ्यर्थियों और नियोजकों को आमंत्रित करना है। ताकि उन्हें इस आयोजन से रोजगार उपलब्ध कराए जा सके। मेले के मुख्य समन्वयक समिति सदस्यों डॉ. कुसुम राय, मेजर डॉ. संजय सोहनी, कैप्टन डॉ. कृष्णा भूरिया, डॉ. स्नेहलता सिंह, डॉ. अजय कुमार राजपूत द्वारा बताया कि इसमें एक हजार विद्यार्थियों न पंजीयन करवाया। जिसमें से 225 विद्यार्थियों का चयन हुआ। रोजगार मेले में वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. रोशन बेंजामिन, डॉ. रेखा वर्मा, डॉ. अर्चना अग्रवाल, डॉ. रशीदा कांचवाला, टेक्नीशियन डॉ. पवन पाटीदार, अमर चौहान आदि मौजूद रहे। संचालन स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के प्रभारी डॉ. शैलेंद्र पिपरिया ने किया व आभार डॉ. कुसुम राय ने माना।

---

## वृहद रोजगार मेले में 225 विद्यार्थियों का चयन

# स्वालंबन की एक झलक पर न्योछावर कुबेर का कोष- उषा ठाकुर

**स्वदेश समाचार ■ महू**

भेरूलाल पाटीदार शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय एवं सुशीला देवी बंसल महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ द्वारा 10 जनवरी को प्रातः 10 बजे से वृहद रोजगार मेले का आयोजन संपन्न किया गया। रोजगार मेले का उद्घाटन मां सरस्वती के माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ मुख्य अतिथि विधायक सुश्री उषा ठाकुर, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रवीण ओझा, जनभागीदारी समिति अध्यक्ष एडवोकेट निलेश पाटीदार, विधायक प्रतिनिधि महेश यादव, जनपद अध्यक्ष सरदार मालवीय, एसडी बंसल महाविद्यालय के निदेशक डॉ पी. एस.चौहान, इंदौर जिला नोडल अधिकारी डॉ. मनीषा शर्मा पांडे द्वारा किया गया।

मुख्य अतिथि विधायक सुश्री उषा ठाकुर द्वारा विधायक विद्यार्थियों को प्लेसमेंट के लिए अधिक से अधिक संख्या में भागीदारी लेने के लिए प्रेरित किया। आपने कहा, स्वालंबन की एक झलक पर न्योछावर कु बेर का कोष। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. प्रवीण ओझा तथा जनभागीदारी समिति अध्यक्ष एडवोकेट निलेश पाटीदार ने बताया कि उक्त रोजगार मेले में 22 प्रतिष्ठित कंपनियां शामिल हुई, जिसमें मुख्य रूप से आई सीआई सीआई बैंक, एक्सिस बैंक, पेटीएम, नॉलेज पार्क, एल एंड टी, वेक्टर फाइनेंस ,नॉलेज पार्क, हाथवे जैसी प्रतिष्ठित कंपनियों रोजगार मेले में शामिल हुई। सभी कंपनियों में लगभग 500 से ज्यादा वैकेंसी है, जिसमें महू, पीथमपुर, राऊ क्षेत्र के लगभग 10 से ज्यादा महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं शामिल हुए। एसडी बंसल कॉलेज के निदेशक डॉ. पीएस चौहान ने बताया कि इस प्रकार के रोजगार मेलों से शिक्षा का वास्तविक अर्थ साकार होता है। रोजगार मेले के मुख्य समन्वयक समिति सदस्य डॉ. कुसुम राय, मेजर डॉ. संजय सोहनी, कैप्टन डॉ. कृष्णा भूरिया, डॉ. स्नेहलता सिंह, डॉ. अजय कुमार राजपूत द्वारा 1000 विद्यार्थियों के पंजीयन की जानकारी उपलब्ध कराई गई। उक्त मेले में 225 विद्यार्थियों का सिलेक्शन हुआ, जो कुल संख्या का 75 प्रतिशत है। सभी चयनित विद्यार्थियों को महाविद्यालय प्राचार्य के द्वारा बधाई दी गई है।